सम्भागीय आयुक्त ने नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

भरतपुर (निस)। सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा के नगर निगम के निरीक्षण में कर्मचारियों की कार्य के प्रति लापरवाही सामने आई हैं। नगर निगम के आधे से अधिक कर्मचारी संभागीय आयुक्त को गैर हाजिर मिले। जिस पर संभागीय आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताई। बुधवार को नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

उन्होंने निगम की निर्माण, लेखा, प्रस्थापन, पट्टा, अतिक्रमण, सफाई, फायर, हेल्पलाइन कक्ष, सामान्य शाखा सहित अन्य शाखाओं में कार्मिकों एवं अधिकारियों के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। इस दौरान नगर निगम के 11 राजपत्रित अधिकारियों में से 5, 18 मंत्रालयिक कर्मचारियों में से 9, 24 सहायक कर्मचारियों में से 10, 34 सफाई कर्मचारियों में से 10 एवं 15 एईएन व जेईएन में से 7 एवं 102 सफाई निरीक्षकों में से 41 सफाई निरीक्षक अनुपस्थित पाये गये। इस दौरान नगर निगम आयुक्त रिछपाल सिंह बुरडक भी उपस्थित रहे। सम्भागीय आयुक्त ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि उपस्थिति रजिस्टर में अवकाश संबंधित सूचना को नियमित रूप से अपडेट किया जाए। रजिस्टर में अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मौके पर कैश बुक में रेवेन्यू हेड समरी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, पट्टा पत्रावली, निर्माण स्वीकृति पत्रावली, बिल्डिंग प्लांस, कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायत सम्बंधित रजिस्टरों की जांच करते हुए निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी एवरेज डिस्पोजल टाइम कम करें। उन्होंने नगर निगम के समस्त अनुभागों की ई-फाईलों की जांच करते हुए लम्बित प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारित करने को कहा साथ ही स्टेट ग्रांट, 69ए एवं कृषि भूमि के सम्बंधित निस्तारित एवं लम्बित प्रकरणों की रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने आयुक्त को निर्देशित किया कि ई-फाईलों के निस्तारण के सम्बंध में ऑपरेटर्स के बजाय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पाबंद कर जबावदेही सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम के समस्त अनुभागों में रजिस्टर संधारण व्यवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुए समस्त अनुभागों में व्यवस्थित रूप से आवेदनों के सम्बंध में लम्बित, स्वीकृत, अस्वीकृत, एनओसी के प्रकरणों की जानकारी सहित सम्बंधित समस्त जानकारी को रजिस्टर में इंद्राज करते हुए अप टू डेट रखने एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नगर निगम कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आधे से अधिक कर्मचारियो के गैरहाजिर मिलने पर संभागीय आयुक्त ने नाराजगी जताई।

इस दौरान सम्भागीय आयुक्त ने नगर निगम आयुक्त से आगामी वर्षा के मौसम को देखते हुए जलभराव की समस्या एवं नालियों में गंदे पानी की निकासी के लिए साफ-सफाई के सम्बंध में अपनाये जाने वाले उपायों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने हेल्पलाइन कक्ष का निरीक्षण करते हुए आमजन से प्राप्त समस्याओं के निराकरण की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त कर समयबद्ध समस्याओं का निराकरण कर आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम परिसर में साफ सफाई, आमजन के लिए पेयजल, पार्किंग व्यवस्था सहित पब्लिक टॉयलेट को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्मिकों को निर्देश दिए कि कार्यालय को साफ एवं सुन्दर रखते हुए स्वस्थ वातावरण में कार्य करें, जिससे जनहित के अधिक से अधिक कार्य समयबद्धता से किए जा सकें।

सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने आमजन द्वारा प्राप्त शिकायतों के रजिस्टर की जांच कर मौके पर ही परिवादियों से दूरभाष पर बात कर विभाग द्वारा किये गये समस्या के निराकरण का फीडबैक लिया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारीगणों को जनसमस्याओं का समय पर गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिकारीगण सुनिश्चित करें कि जल समस्या का सामना आमजन को नहीं करना पडे व जन समस्याओं के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम सजगता व सक्रियता के साथ कार्य करे।

सार-समाचार

ओपी मंगल बने प्रांतीय समन्वयक

हिंडौन सिटी । लायंस क्लब हिंडौन सेन्ट्रल के वरिष्ठ सदस्य लायन ओपी मंगल को निर्वाचित प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा द्वारा सत्र 24-25 के लिए लायंस क्लब इन्टरनेशनल प्रांत 3233 ई प्रथम का प्रांतीय समन्वयक मनोनीत किया है।जयपुर में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में खचाखच भरे सभागार में उक्त दायित्व की घोषणा करते हुए मंच पर माला पहनाकर स्वागत किया गया !लायन मंगल को मिले दायित्व के तहत राजस्थान के श्री गंगानगर से लेकर मध्यप्रदेश के अशोक नगर तक के 216 क्लबों के समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। लायन मंगल विगत 37 साल से लायन्स इंटरनेशनल से जुड़े हैं और इस बीच क्लब अध्यक्ष से लेकर जोन चेयर पर्सन ,रीजन चेयर पर्सन ,प्रांतीय मेंटोर, प्रांतीय सलाहकार जैसे महत्वपूर्ण पदों सहित अनेक बार विभिन्न सेवा गतिविधियों के प्रांतीय अध्यक्ष के दायित्व निभा चुके हैं !प्रांतीय समन्वयक के दायित्व की जिम्मेदारी अब तक मिले दायित्वों में सबसे ज्यादा अहम स्थान रखती है।

बस पलटी, चालक व परिचालक घायल

करौली, (निसं)। मंडरायल से चंबल जा रही बस चंबल मार्ग स्थित खांडेपुरा गांव के पास एक मोड़ पर बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले मंडरायल अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें गंभीर अवस्था में करौली रैफर कर दिया। बताया जा रहा है बस मंडरायल से चंबल सवारी छोड़ने जा रही थी। बस में अधिक सवारियां नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। मंडरायल हॉस्पिटल के वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी महेंद्र शर्मा ने बताया कि करौली से मंडरयाल चलने वाली बस दोपहर लगभग एक बजे मंडरायल पहुंची। मंडरायल में सावरी उतारने के बाद बस चंबल नदी जा रही थी। इस दौरान चंबल मार्ग स्थित खांडेपुरा गांव के पास एक मोड़ पर बस बेकाबू हो गई और पलट गई। हादसे में ड्राइवर मोहन सिंह पुत्र बलीचरण छेंडकापुरा और कंडक्टर पप्पू पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी गाधौली गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर अवस्था में करौली रैफर कर दिया। जहां से पप्पू शर्मा को गंभीर अवस्था में करौली से जयपुर रैफर किया है। मंडरायल थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

करौली, (निसं)। कुड़गांव थाना क्षेत्र के भड़क्या गांव में एक विवाहिता ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने मृतका के शव को करौली हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया जिसका उपजिला कलेक्टर करौली और कुड़गांव थाना अधिकारी की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराते हुए शव परिवार जनो के सुपुर्द कर दिया। कुड़गांव थानाधिकारी रुक्मिणी देवी ने बताया कि लक्ष्मी पत्नी हंसराज मीणा निवासी भड़क्या मंगलवार को अपने खेतों पर शौच के बहाने गई थी, जहां खेत में एक पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जैसे ही महिला के पेड़ से लटका हुआ मिलने की सूचना मिली, उसको करौली हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका का पति मजदूरी का कार्य करता है। महिला की अक्टूबर 2017 में शादी हुई थी महिला के दो बच्चे हैं। एक बालक लगभग 1 साल और बालिका की उम्र लगभग ढ़ाई साल बताई जा रही है। पति-पत्नी में आपसी विवाद की बात की सामने आई है। हालांकि मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है महिला का पीहर ब्रह्मद गांव पंचायत भरकुंजरा थाना नादनपुर है।

शिकायतों के निराकरण हेतु बैठक सम्पन्न

करौली(नि.स.)। सहायक कलेक्टर प्रीति चक की अध्यक्षता मे कामकाजी महिलाओ के कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन की रोकथाम एंव शिकायतो के निराकरण हेतु जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे समस्त जिला स्तरीय कार्यालयो एंव ब्लॉक स्तरीय कार्यालयो पर आंतरिक शिकायत समितियो का गठन कर प्राप्त शिकायतो का निस्तारण करने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये साथ ही उक्त बैठक त्रिमासिक आयोजित करवाये जाने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये। बैठक मे महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सत्यनारायण नावरिया, डा.अनीता गुप्ता, प्रधानाचार्य श्रीमती सावित्री मीना, उपनिरीक्षक श्रीमती मंजू कुमारी उपनिरीक्षक, काव्या शिक्षा एवं विकास सेवा संस्थान की श्रीमती आकांक्षा शर्मा ,सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

भरतपुर (निस)। अखिल राजस्थान यशोदा संघ ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन नीरज कुमार मीना को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में स्वैच्छिक कार्यकर्ता यशोदाओं का मानदेय बढाने व स्थाईकरण करने की मांग की। इस मौके पर यशोदाओं ने बताया कि प्रदेश में चिकित्सा संस्थानों में प्रसव केन्द्रों पर यशोदा पद पर लगभग 557 यशोदाएं स्वेच्छिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रही हैं।

समीक्षा बैठक आज

करौली(नि.स.)। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता मे आज गुरूवार को प्रात: 11:00 बजे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। इसके अलावा 17 मई को संभागीय आयुक्त कार्यालय जिला परिषद करौली का निरीक्षण भी करेंगे। इस संबंध मे संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किये गये है।

अंतिम तिथि 14 जून

करौली(नि.स.)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2023 हेतु भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथी 14 जून निर्धारित की गई है। इस संबंध मे उन्होने जिला खेल अधिकारी, जिला नेहरू युवा समन्वयक सहित अन्य को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये है।

वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित

भरतपुर (निस)। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक केक्षेत्रीय कार्यालय भरतपुर द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं बैंक के विभिन्न अभियानों यथा ऋण वितरण, ऋण खातों के रोटेशन के अभियान तथा बैंक व्यवसाय विकास हेतु अन्य पैरामीटर्स में क्षेत्र की उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखाओं के शाखा प्रबन्धकों का वार्षिक सम्मान समारोह बुधवार को बैंक अध्यक्ष यादव एस.ठाकुर के मुख्य आतिथ्य एवं आरएलजी नगर के विशिष्ट आतिथ्य में भरतपुर स्थित एक होटल में आयोजित किया गया।

समारोह में बैंक के अध्यक्ष यादव एस ठाकुर ने कहा कि किसानों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण है और प्रदेश में बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पूरी निष्ठा के साथ अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। इस समारोह में अध्यक्ष ठाकुर द्वारा क्षेत्र में ऋण स्वीकृति वितरण के अभियान एवं बैंक व्यवसाय विकास हेतु विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली क्षेत्र की 55 शाखाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की 79 शाखाओं के शाखा प्रबन्धक एवं अन्य उपस्थित स्टाफ को सम्बोधित करते हुए बैंक अध्यक्ष यादव एस ठाकुर ने बैंक द्वारा उपलब्ध करायी जा रही। डिजीटल सेवाओं यथा मोबाईल बैंकिंग सेवा बीआरकेजीबी क्विक तथा इंटरनेट बैंकिंग का लाभ त्वरित रूप से जन सामान्य को उपलब्ध कराने एवं बैंक द्वारा आवास, वाहनएवं व्यापार ऋण कालाभ अधिकाधिक ग्राहकों तक पहुँचाने का आ ान किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बैंक राजस्थान राज्य के 21 जिलों में 880 शाखाओं, 1 विस्तार पटल, 5518 बैंक मित्रों व 12 मुद्रा रथों के विस्तृत नेटवर्क के साथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक भारत सरकार की वित्तीय समावेशन योजनान्तर्गत अहम भूमिका निभाते हुए उत्कृष्ट कार्य कर रहा है

उपचार केन्द्र का किया निरीक्षण

करौली(नि.स.)। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सत्यनारायण नावरिया ने बुधवार को को प्रात: 10:30 बजे कुपोषण उपचार केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें वर्तमान समय में एमटीसी में कुल 4 बच्चें भर्ती हैं। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर उपस्थित डॉ. व नर्सिंग स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि बच्चों का 24 घंटे निगरानी में रखकर उपचार किया जा रहा है व निशुल्क खान-पान दिया जा रहा हैं।

उपनिदेशक द्वारा बच्चों का चिन्हीकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं लाभार्थियों से वार्ता करके स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी लीं। और बच्चों के उपचार हेतु सुधारात्मक निर्देश भी प्रदान किए गए। निरीक्षण के समय पर एमटीसी से डॉ. जगदेवी व नर्सिंग आफिसर एमटीसी प्रमारी सुमेरी मीना व जीएनएम कार्मिक समस्त स्टाफ और वात्सल्य संस्थान से जिला समन्वयक जफर अली मौजूद रहें।

वन-जल-अमृत अभियान 2024 का शुभारंभ

डीग (निस)। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव के मंशा अनुरूप वन-जल-अमृत अभियान 2024 का शुभारंभ बुधवार को जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज द्वारा डीग तहसील में पेड़ लगाने व पक्षियों के लिए परिंडे बांधने के साथ किया गया। अभियान का व्यापक आगाज समस्त उपखंडो, नगर पालिका, पंचायत समिति के स्तर पर एसडीएम, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी द्वारा सघन सफाई अभियान, सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण के साथ हुआ।

एसडीओ डीग रवि गोयल ने उपखंड डीग में उक्त अभियान के तहत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सदर थाना डीग के सामने से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक सघन सफाई अभियान एवं सौंदर्यीकरण करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट कार्यालय, उपखंड अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं विकास अधिकारी कार्यालय, डीग में वृक्षारोपण एवं सौंदर्यीकरण करने का कार्य करेंगे। अभियान के अंतर्गत समस्त उपखंड स्तरीय कार्यालयों में पक्षियों के परिंडे लगाया जाना, वृक्षारोपण एवं पूर्ण सफाई कराई जाएगी। एसडीएम सीकरी सृष्टि जैन ने बताया कि सीकरी में गोविंदगढ़ रोड स्थित कुंडा बाबड़ी व ईदगाह पोखर की साफ सफाई व वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही गोविंदगढ़ गढ़ रोड बस स्टैंड, भगत सिंह सर्किल बस स्टैंड एवं अंबेडकर पार्क में पीने का प्याऊ लगाया जाएगा।

जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने अपने कार्यालयों में पेड़ लगाने के साथ ही परिंडे बांधे।

महाविद्यालय में परिंडे बांधे

करौली(नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय करौली में परिंडा बांधे गए सचिव स्थानीय संघ मुकेश सारस्वत ने बताया कि परिंडा अभियान के तहत महाविद्यालय में परिंडे बांधे गए।

परिंडा अभियान की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी एल बैरवा द्वारा परिंडा बांध कर की गई। महाविद्यालय के समस्त प्रोफेसर ने परिंडा अभियान में भाग लिया इस अवसर पर प्राचार्य ने राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की परिंडा अभियान को सराहनीय बताते हुए कहा कि स्काउट गाइड सेवा का पर्याय है और मूक प्राणियों के लिए परिंडा बांधना पुण्य का कार्य है।उन्होंने महाविद्यालय स्टाफ से अधिक से अधिक महाविद्यालय परिसर में परिंडा लगाकर उनमें नियमित रूप से पानी भरने की अपील की इस कार्य में स्काउट गाइड रोवर रेंजर का सहयोग लेने हेतु प्रेरित करने को कहा इससे पूर्व सी ओ स्काउट करौली अनिल गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय संघ सचिव मुकेश सारस्वत ने प्राचार्य एवम अन्य अतिथियों का स्काउट रीति से स्कार्फ पहना कर स्वागत किया।

- **परिंडा अभियान की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी एल बैरवा द्वारा परिंडा बांध कर की गई**

इस अवसर पर स्काउट प्रभारी डॉ. जीतेंद्र पाकड़ ने कहा कि महाविद्यालय के स्काउट गाइड रोवर ,रेंजर के द्वारा महाविद्यालय परिसर में परिंडा अभियान चलाया जवेगा। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ सीताराम खंडेलवाल,डॉ ओमप्रकाश मीना,डॉ.सुरेश गुप्ता,गोरेलाल मीना ,भंवर लाल मीणा, रामकेश मीना,दिनेश चंद मीना राष्ट्रपति रोवर लवकुश मंगल, रोवर पीयूष नाम आदि उपस्थित रहे।

दायित्व ग्रहण समारोह कल

गंगापुर सिटी । भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी का दायित्व ग्रहण समारोह शुक्रवार को रूकमणी मैरिज होम में शाम 7बजे आयोजित किया जायेगा। सचिव रामदयाल मीना ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधावल्लभ बिंदल मिलन ट्रांसपोर्ट वाले होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता हर्षवर्धन शर्मा एडवोकेट प्रांतीय अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि हेमंत गर्ग प्रांतीय महासचिव, विष्णु कुमार माथुर कोषाध्यक्ष होगें। कार्यक्रम के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष के द्वारा अध्यक्ष राजेन्द्र खारवाल, सचिव रामदयाल मीना, कोषाध्यक्ष अनिल वैष्णव को दायित्व ग्रहण की शपथ दिलाई जायेगी।

ग्रामीणों ने पाटोंदा मार्ग पर लगाया जाम

हिंडौन सिटी । श्री महावीर जी मार्ग स्थित पटोन्दा में पेयजल समस्या को लेकर नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को मुख्य मार्ग पर सुबह से दोपहर तक 3 घंटे जाम लगा दिया। जिसके कारण करीब एक घंटे आवागमन बाधित रहा। इस बीच जाम की सूचना पर पहुंचे श्रीमहावीर जी के नायब तहसीलदार व पुलिस ने ग्रामीणों से समझाइश कर जाम खुलवाया।ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 3 करोड़ की लागत से चल रही पेयजल योजना बंद पड़ी हुई है। ग्रामीणों को गर्मी में पेयजल के परेशान होना पड़ रहा है। वही जल जीवन मिशन योजना के बंद कार्यों को सुचारु कराने के लिए अनेक बार जलदाय विभाग अधिकारियों को अवगत कराया। लेकिन विभाग द्वारा कोई सुनवाई नही हुई।

जिसके कारण उक्त क्षेत्र में पेयजल संकट बना हुआ है।ग्रामीणों ने बताया कि लगातार शिकायतों पर विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज होकर जाम लगाया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण महिलाएं 2 से 3 किलोमीटर दूर जाकर पानी की जुगत कर रही है। इधर पेयजल समस्या से गुस्साए हुए ग्रामीणों से नायब तहसीलदार ने जलदाय विभाग द्वारा शीघ्र कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

श्रमदान आधारित सफाई अभियान से चमके सरकारी कार्यालय

गंगापुर सिटी। जिला एवं उपखण्ड स्तर के सभी राजकीय कार्यालयों में बुधवार को श्रमदान आधारित सफाई अभियान कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम के संबंध में जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि प्रभारी सचिव महेन्द्र सोनी के निर्देशों की अनुपालना में कलेक्ट्रेट परिसर सहित सभी जिला, उपखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यालयों में श्रमदान आधारित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही इस अभियान के माध्यम से हमने स्वच्छता का संदेश देने की कोशिश की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रवि वर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर की पहल पर हम सभी ने कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई की और इसी तरह से गंगापुर सिटी के बाकी सभी कार्यालयों में भी श्रमदान आधारित स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की गई। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे भी इसी प्रकार अपने घरों में अपने परिसरों में स्वच्छता बनाए रखें। श्रमदान के दौरान परिसर में मौजूद धूल मिट्टी, सूखे पत्तों आदि को झाड़ू लगाकर साफ किया गया। वहीं खरपतवार एवं अनावश्यक घास आदि को फावडे आदि के माध्यम से हटाया गया। परिसर में रोपित पौधों की अनावश्यक रूप से फैल रही शाखाओं की छटनी कर परिसर एवं परिसर में रोपित पौधों एवं वृक्षों का सौंदर्यीकरण किया गया।

गंगापुर सिटी श्रमदान करते उपखण्ड अधिकारी।

स्वच्छता अभियान की मुहिम रंग ला रही है: जिला रसद अधिकारी अंकित पचार ने बताया कि प्रभारी सचिव एवं जिला कलेक्टर द्वारा शुरू की गई श्रमदान आधारित स्वच्छता अभियान की मुहिम रंग ला रही है। मात्र साफ-सफाई से बिना रंग-रोगन के ही कलेक्ट्रेट परिसर चमक उठा है और हमें भी इस मुहिम में अपनी भागीदारी निभाकर बहुत अच्छा लग रहा है। गंगापुर सिटी नगर परिषद आयुक्त रिंकल गुप्ता ने बताया कि उनके एवं उनके स्टाफ द्वारा भी कार्यालय एवं कार्यालय परिसर की साफ सफाई की गई।

साथ ही जिले के समस्त विभागीय कार्यालयों से नगर परिषद के ऑटो टिप्पर द्वारा कचरे का सुव्यवस्थित ढंग से संग्रहण कर निपटारा किया गया। जेवीएनएल के अधिशासी अभियन्ता रूपसिंह गुर्जर ने बताया कि जिले के 33/11 जीएसएस कि साफ सफाई की गई। विद्युत ग्रिड के आसपास मौजूद झाड-झंगाड एवं खरपतवार को हटा दिया गया है। साथ ही कार्यालय एवं परिसर की भी झाड़ू पौंछा आदि लगाकर सफाई सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि उनके विभाग के तहत आने वाले शेष रहे अन्य बिजलीघरों की भी साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को भी इसी प्रकार 6 से 8 श्रमदान के आदेश संबंधित बिजलीघर प्रभारियों को दे दिए गए हैं।

अपहरण के आरोपियों को किया गिरफ्तार

मंडावर । थाना पुलिस ने अपहरण कर पांच लाख रुपयों की फिरौती मांगने की घटना का 24 घंटे में खुलासा किया है ।

थाना प्रभारी ने बताया की मुनफेद पुत्र नूर मोहम्मद जाति मेव निवासी नांगल मेव ने मामला दर्ज कराया की उसका छोटा भाई वकील खा रविवार गांव से मंडावर आया था। जहां कुछ व्यक्तियों द्वारा उसका अपहरण कर लिया गया तथा फिरौती मांगने लगे।

पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए मंडावर थाना अधिकारी रामनिवास के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही करते हुए 24 घंटे में घटना का खुलासा कर कुल पांच मुलजिमों को गिरफ्तार किया व एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया वही मुलजिमों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट डिजायर को जप्त किया।

पुलिस ने गौरव कुमार मीणा पुत्र ब्रजमोहन मीणा 29 साल निवासी रामजनीपुरा, पिंटू मीणा पुत्र सुगन लाल मीणा उम्र 25 साल निवासी जीवत थाना बाटोदा, मोतीलाल मीणा पुत्र टीकाराम मीणा उम्र 31 वर्ष निवासी थाना सूरवाल जिला सवाई माधोपुर, कुलदीप महर पुत्र प्रहलाद महर उम्र 32 साल निवासी नादौती जिला गंगापुर, रामकुमार मीणा पुत्र प्रकाश उम्र 30 साल निवासी सेबियापुरा थाना सपोटर जिला करौली को गिरफ्तार किया है।

इस धरती पर भगवान श्री राम को लाने वाली गौ माता ही है : शंकराचार्य

भरतपुर (निस)। बुधवार को परम पूज्य आदिगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज का वीर पावन धरती भरतपुर पर गौ प्रतिष्ठा संकल्प यात्रा राजस्थान के अंतर्गत शुभ आगमन हुआ। यात्रा संयोजक गिरधर तिवारी ने बताया की सर्वप्रथम परम पूज्य शंकराचार्य शहर के जाने-माने सीए अतुल मित्तल के घर पहुंचे जहां उनका पादुका पूजन हुआ इसके बाद प्रमुख उद्योगपति हरिओम बंसल के घर पर पदुका पूजन हुआ। इसके उपरांत परम पूज्य शंकराचार्य किला स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने श्री बांके बिहारी एवं राधा रानी के दर्शन किए तत्पश्चात मंच पर आसीन हुए। अशोक फौजदार ने परिवार सहित शंकराचार्य का पादुका पूजन किया।

वैदिक मंत्रो के साथ ब्राह्मणों ने परम पूज्य शंकराचार्य की विरुदावाली का गायन किया। यात्रा संयोजक गिरधारी तिवारी ने अपने स्वागत उद्बोधन में परमपूज्य शंकराचार्य एवं उनके साथ पधारे हुए संतगण तथा सनातन प्रेमियों का स्वागत किया। परम पूज्य शंकराचार्य ने बिहारी जी मंदिर प्रांगण में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुएकहा की गौ माता संकल्प यात्रा राजस्थान के 50 जिलों में निकलेगी गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाया जाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं है बल्कि हमारी आस्था व हमारी पहचान है। गौ माता को उसका खोया सम्मान दिलाना होगा। हमारी ऋषि परंपरा में गाय को मानव समाज में सर्वोच्च दर्जा प्राप्त है गौ माता में 33 कोटी देवी देवताओं का निवास है आज देश भर में गौ हत्या हो रही है हमें अपने पूर्वजों की विरासत को संभाल कर रखना चाहिए हमारे घर व समाज में जब गाय थी। तब हमारा देश सोने की चिड़िया था हमारे पूर्वजों पर किसी का कर्ज नहीं था। इसलिए हम कर्ज से मुक्त थे। लेकिन आज देश का प्रत्येक नागरिक कर्ज में डूब गया है।

इसका कारण आज भारतवर्ष में गाय की संख्या कम होने से हमारी आर्थिक आय भी घट रही है। उन्होंने पौराणिक प्रसंगों के द्वारा मानव जीवन में गौ माता के महत्व को सनातन प्रेमियों को समझाया तथा बताया कि भगवान श्री राम ने अपने शासनकाल में 10000 करोड़ गाय दान की थी। द्वापर में नंद बाबा के यहां भी श्री कृष्ण ने गौ सेवा की थी। बाबा नंद के यहां 9 लाख गाय थी इसलिए उन्हें नंद कहते थे जिसके पास 10 लाख गाय होती थी। उसे बृषभानु कहते थे एवं जिसके पास 5 लाख गाय होती थी उसे उपनंद कहते थे श्री कृष्ण द्वारका में जब रहते थे तो प्रतिदिन वह सोने के सींग एवं खुर मढी हुई 10800 गाय दान करते थे सन 1947 में जब देश आजाद हुआ था तो उस समय 78 करोड़ गाय भारत में थी लेकिन सन 2019 की पशु गणना के अनुसार भारत में केवल 17 करोड़ ही गाय बची हैं। आजादी के 75 वर्षों में देश की जनसंख्या जब 5 गुना बड़ी है तो गौ माता की संख्या निरंतर क्यों घट रही है यह चिंता का विषय है। आज देश में प्रतिदिन लगभग 100000 गाय कट रही हैं भारत सरकार ने 2022 में 25000 टन गौ मांस का निर्यात किया था जो हम देशवासियों के लिए दुर्भाग्य की बात है।

गौ माता केवल दूध ही नहीं देती बल्कि आशीर्वाद भी देती है गौ माता ने मांगने पर मनुष्य को पुत्र प्राप्ति धन प्राप्ति पुत्री प्राप्ति स्वास्थ्य लाभ प्राप्ति एवं स्वर्ग प्राप्ति तक का आशीर्वाद दिया है गाय से प्राप्त पंच गव्य अमृत समान होते हैं इनका सेवन करने से स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ हमारे पापों का भी हरण होता है। उन्होंने आगे कहा कि जो गृहस्थ गाय की सेवा करता है उसकी लक्ष्मी बढ़ती चली जाती है भारत सरकार एवं राज्य सरकारों ने गाय को पशु की श्रेणी में मान रखा है जबकि हमारे पूर्वजों ने गाय को माता स्वरूप माना है दृढ़ गौ भक्त ही सच्चा हिंदू कहलाने योग्य है हम गौ माता द्वारा दूध देना बंद कर देने पर उसे घर से बाहर छोड़ देते हैं जबकि हमें ऐसा नहीं करना चाहिए इस यात्रा के माध्यम से हम जन चेतना द्वारा घर-घर गौ माता को पुन: प्रतिष्ठा दिलाना चाहते हैं ताकि हमारा परिवार समाज एवं राष्ट्र समृद्धशाली व सुखी बने।